

MS. PRASHANTI SINGH

Ms. Prashanti Singh, is one of the most talented and skilled Basketball player of the country. She has not only touched the success through her hard work but also managed to sustain it till toady.

2. Born on May 05, 1984, Ms. Prashanti belongs to a humble and traditional family of Varanasi where women has very less exposure in sports. She is a self made female athlete who has participated and captained India in many International Championships. With her hard working approach and dedication, she has not only participated in many major International events but also made her mark there. Despite of facing lot of hardship and resistance from a conservative society, her undying spirit and determination made her one of the top female athletes of India.

3. With her hard working approach and dedication, Ms. Prashanti has not only participated in many major International events like Commonwealth Games 2006, Asian Games 2010, and Asian Games 2014 as Captain and also won Gold Medal in Phuket International Invitational Basketball championship 2005, Gold Medal in South Asian Beach Games, Sri Lanka 2011, Silver Medal in Asian Indoor Games 2009, Vietnam (Captain), Bronze Medal in Port Dickson International Invitational Basketball championship, Malaysia 2003.

4. Ms. Prashanti captained Indian Basketball team at 16th Asian Games, 2010 Guangzhou that qualified for the Asian Games after 28 years. She participated in FIBA Asian Basketball Championship at Korea as a member of first Indian Team to play top seeding and stayed there for eight years. She has been an outstanding athlete at National level while participating in 53rd National Basketball Championship Hyderabad, she broke 14 years old record.

5. Ms. Prashanti is one of the first ever ranked Top Four 'A' Grade elite Basketball player of India 2011. She won 22 medals in National Championship Games and also awarded MVP (most valuable player) of Mahindra NBA challenge National Final in New Delhi 2012 where 6000 Basketball Players participated from all over India. She won Best Player Award in All Star Game in Mumbai 2011, and got Top Scorer Award with 129 points (25.8 point/ game) in prestigious 25th IMG-Reliance Federation Cup, Raipur 2011. She was awarded with Purvanchal Ratna 2015-16, "Rani Laxmibai Bravery Award" 2016-17 by Government of Uttar Pradesh and prestigious "Arjuna Award' 2017 by the Ministry of Sports and Youth, Govt. of India.



सुश्री प्रशांति सिंह



सुश्री प्रशांति सिंह की गणना देश की सबसे प्रतिभाशाली और कुशल बास्केटबॉल खिलाड़ियों में होती है। आपने अपनी कड़ी मेहनत के बल पर न केवल सफलता अर्जित की है, बल्कि उसे आज तक कायम भी रखा है।

2. आपका जन्म 05 मई, 1984 में वाराणसी के एक ऐसे विनम्र और पारंपरिक परिवार में हुआ जिसमें महिलाएं खेलकूद में बहुत कम हिस्सा लेती हैं। आप अपने परिश्रम से खिलाड़ी बनी हैं और आपने अनेक अन्तरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग ही नहीं लिया बल्कि भारत की ओर से कप्तानी भी की। अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ, आपने कई बड़ी अन्तरराष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में केवल भाग ही नहीं लिया, बल्कि वहां अपनी छाप भी छोड़ी है। रूढ़िवादी समाज की कई दिक्कतों और विरोध के बावजूद अपने अटूट उत्साह और दृढ़ संकल्प के बलबूते आप भारत की एक शीर्ष महिला खिलाड़ी बनीं।

3. अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण भाव से, आपने बड़ी अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं जैसे राष्ट्रमंडल खेल 2006, एशियाई खेल 2010, और एशियाई खेलों 2014 में केवल भाग ही नहीं लिया है बल्कि फुकेत इंटरनेशल इनविटेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2005 में स्वर्ण पदक, साउथ एशियन बीच गेम्स, श्रीलंका 2011 में स्वर्ण पदक, एशियन इंडोर गेम्स 2009, वियतनाम में रजत पदक (कैप्टन), पोर्ट डिक्सन इंटरनेशनल इनविटेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप, मलेशिया 2003 में कांस्य पदक भी प्राप्त किए हैं।

4. आपने 16वें एशियाई खेलों, 2010, ग्वांगझू में भारतीय बास्केटबॉल टीम की कप्तानी की जिसने 28 वर्ष बाद एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया। आपने कोरिया में एफआईबीए एशियन बास्केटबॉल चैम्पियनशिप में टॉप सीडिंग खिलाड़ी के रूप में प्रथम भारतीय टीम के सदस्य के रूप में भाग लिया और वहां आठ साल तक अपनी मौजूदगी बनाए रखी। आप 53वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैम्पियनशिप हैदराबाद में भाग लेते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एक उत्कृष्ट खिलाड़ी रहीं, आपने 14 वर्ष पुराना रिकॉर्ड तोड़ा।

5. आप भारत 2011 की शीर्ष 4 'ए' ग्रेड इलीट बास्केटबॉल खिलाड़ियों में से प्रथम स्थान पर रही हैं। आपने राष्ट्रीय चैम्पियनशिप खेलों में 22 पदक जीते और नई दिल्ली 2012 में महिंद्रा एनबीए चैलेंज नेशनल फाइनल में आपको एमवीपी (सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी) का भी सम्मान प्राप्त हुआ है जिसमें भारत भर से 6000 बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। आपने मुम्बई, 2011 में ऑल स्टार गेम में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त किया। आपको प्रतिष्ठित 25वें आईएमजी-रिलायंस फेडरेशन कप, रायपुर 2011 में 129 अंक के साथ शीर्ष स्कोर प्राप्तकर्ता का पुरस्कार मिला। आपको उत्तर प्रदेश सरकार से पूर्वांचल रत्न 2015-16, "रानी लक्ष्मीबाई बहादुरी पुरस्कार" 2016-17 तथा खेल और युवा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिष्ठित "अर्जुन पुरस्कार" 2017 से सम्मानित किया गया।